# सेंट नार्बट स्कूल में राष्ट्रीय पर्व का अपमान

## ध्वजारोहण से वंचित रखने पर विद्यार्थियों ने थाने में की शिकायत

**केवलारी नवभारत। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर जब पूरा देश एकजुट होकर तिरंगे को सलामी दे रहा था, तभी केवलारी का सेंट नार्बट स्कूल विवादों में घिर गया। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को ध्वजारोहण कार्यक्रम से वंचित कर दिया और यह गौरवशाली पल केवल फादर और चुनिंदा स्टाफ तक ही सीमित रहा।**



सूत्रों के अनुसार, देश के 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल में ध्वजवंदन का कार्यक्रम आयोजित तो किया गया, लेकिन बच्चों को उसमें शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। इस कार्यक्रम के केवल स्कूल के प्राचार्य और कुछ चुनिंदा स्टाफ ही शामिल हुआ। जबकि बाकी के छात्रों को इस गौरवपूर्व क्षण से दूर रखा गया। इस घटना से छात्रों में भारी नाराज़गी है। आक्रोशित विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से केवलारी थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना है कि स्वतंत्रता दिवस हर भारतीय का पर्व है, और इसमें छात्रों को शामिल न करना उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। इन छात्रों के साथ राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे और सेंट नर्बट स्कूल द्वारा हिंदू धर्म के साथ राष्ट्रीय पर्वों पर भी मनमानी कारण का आरोप लगाते हुए कठोर कार्यवाही की मांग की है।

### छात्रों को दी गई टीसी देने की धमकी

जब इस बात की शिकायत स्कूली छात्रों द्वारा स्कूल प्रबंधन से की गई तो उन्होंने शिकायत लेके पहुंचे छात्रों को ही स्कूल से निकालने की धमकी दे डाली जिसके बाद छात्रों ने बिना डरे थाने पहुंचकर लिखित शिकायत की।

### पूर्व प्राचार्य पर भी हो चुकी है मामला दर्ज

सैंट नॉरबर्ट स्कूल पहले से ही विवादों से गिरा रहा है जिसमें स्कूल के द्वारा हिंदू धर्म एवं संस्कृति का विरोध किया जाता रहा है पूर्व में भी सैंट नॉरबर्ट के फादर द्वारा हिंदू देवी देवताओं पर टिप्पणी करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था जिसके बाद स्थानीय हिंदू संगठनों ने विरोध किया और फिर दर्ज कराते हुए फादर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी इसके बाद विवादित फादर को स्कूल से हटा दिया गया और नए फादर को सेंड नॉरबर्ट की जिम्मेदारी दे दी गई परंतु आज भी सेंड नॉरबर्ट द्वारा हिंदू सनातन संस्कृति के साथ-साथ राष्ट्रीय पर्व का अपमान किया जाना निंदनीय है।

### नागरिकों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी इस प्रकरण पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी राष्ट्रप्रेम की भावना बच्चों के मन में पैदा करना है, लेकिन यहां तो बच्चों को ही बाहर कर दिया गया। लोगों का कहना है कि यह घटना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय पर्व का खुला अपमान भी है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा इस पूरे मामले में बीआरसी और बीईओ को जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है जांच में शिकायत सत्य पाए जाने पर स्कूल पर कार्यवाही की जाएगी।

\- महेश अग्रवाल, एसडीम केवलारी

एसडीएम के द्वारा सैंट नॉरबर्ट स्कूल की जांच हेतु हमें भेजा गया था हमारे द्वारा जांच कर एचडी महोदय को प्रतिवेदन दिया जाएगा और जो भी कार्रवाई होगी उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन के बाद की जाएगी।

सतीश साहू, बीआरसी केवलारी

# विधायक और कलेक्टर ने किया सम्मानित

**छपारा नवभारत। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर सिवनी कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने छपारा निवासी प्रदुम ठाकुर को उनके द्वारा किए गए एक प्रशंसनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। प्रदुम ठाकुर ने एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति, केशव को उनके परिवार से मिलवा कर एक ऐसा नेक काम किया है, जो पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है।**



लगभग 9 साल पहले मानसिक संतुलन खोकर टेकरी, नासिक (महाराष्ट्र) के निवासी केशव गावित अपने परिवार से बिछड़ गए थे। परिवार वालों ने हर जगह तलाशी ली, थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई, रिश्तेदारों में ढूंढा, लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला और धीरे-धीरे परिवार ने उन्हें मृत मान लिया था। 2020 में कोविड महामारी के दौरान केशव जी छपारा के यशपाल ढाबा में पहुंचे, जहां उनकी बुरी हालत देखकर यशपाल सिंह ठाकुर, शुभम ठाकुर (गज्जू) और प्रदुम ठाकुर ने उन्हें भोजन, आश्रय और सेवा प्रदान की। वे कुछ भी बता नहीं पा रहे थे, न अपना नाम, न गांव, न परिजन। इस स्थिति में वे ढाबा में ही अपना जीवन व्यतीत करने लगे। कुछ समय पूर्व 30 जुलाई 2025 को बुधवार के दिन केशव ने एक दिन अचानक एक कागज पर गांव का नाम व कुछ नाम लिखे। यह इशारा प्रदुम ठाकुर के लिए काफी था। उन्होंने तुरंत इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से उस गांव की जानकारी एकत्रित की, और पुलिस से संपर्क कर फोटो शेयर करवाई।

कुछ ही घंटों में परिवार मिल गया। बेटे, बेटी और पत्नी की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। पिता केशव अंतिम संस्कार मानकर जी रहे थे और अचानक अपने सामने पाकर भावविभोर हो गए। यह हमारे लिए एक नया जीवन है, हम प्रदुम ठाकुर और उनके परिवार के हृदय से आभारी हैं। यह शब्द केशव के बेटे के थे। अब जब केशव गाविंद अपने गांव लौट रहे थे तो पूरे गांव उमड़ पड़ा था। रिश्तेदारों, पड़ोसी, मित्र सभी ने प्रदुम ठाकुर और उनके परिवार को दिल से आशीर्वाद और धन्यवाद दिया। यह घटना हमें यह सिखाती है कि अगर दिल में सेवा का भाव हो और तकनीक का सदुपयोग किया जाए, तो कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है।

## एक नजर में

### रजनीश ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शोभायात्रा का किया स्वागत



छपारा।16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व पर छपारा में नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों के यदुवंशी गौली समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका स्वागत क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने किया। सांदीपनी विद्यालय के पास मुख्य मार्ग पर पहुंची शोभायात्रा में विधायक रजनीश सिंह स्वयं शामिल हुए और युवाओं एवं वरिष्ठ सामाजिक जनों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर और फल वितरित कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने सभी क्षेत्रवासियों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा के स्वागत समारोह में विधायक के साथ पूर्व विधायक सिवनी रमेश जैन, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाब साहू, महामंत्री रमेश चौहान, श्रीचंद अवधिया, नितिन जैन, सुरजीत सिंह ठाकुर, चंद्रशेखर श्रीवात्री , रामेश्वर बंजारा, प्रदीप श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### छपारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर फहराया गया तिरंगा



छपारा। भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, छपारा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। यह कार्यक्रम संदीपनी विद्यालय के सामने, अतीक पटेल साहब के निवास पर आयोजित किया गया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी इकाई के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता सुबह 8 .40 बजे कार्यालय में एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ठाकुर जयकेश सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता सूरज लाल बंजारा, मो .आरिफ खान और पूर्व विधायक रमेश चंद जैन भी उनके साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी का एक महत्वपूर्ण संदेश पढ़ा गया। उन्होंने अपने संदेश में सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी के त्याग, बलिदान, समर्पण और एकता के इतिहास को याद करते हुए उसे मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद, कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के युवाओं ने एक तिरंगा रैली निकाली।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



बरघाट नवभारत। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, बरघाट नगर की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं, महाविद्यालय सहित अन्य संस्थानों में , सरकारी कार्यालयों में संस्था प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण संपन्न हुआ। नगर परिषद बरघाट कार्यालय के सामने मुख्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू के द्वारा नगर परिषद कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। सभा मंच पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री संदेश का वाचन सभापति ज्ञान सिंह चौधरी के द्वारा किया गया। मुख्य नगर पालिक अधिकारी वेद प्रकाश पुरी गोस्वामी के द्वारा मंच पर उपस्थित अध्यक्ष, पार्षद गणों एवं गणमान्य नागरिकों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। लोकतंत्र सेनानी बालकृष्ण शर्मा का नगर परिषद के द्वारा शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया ।

## महाकौशल में पहली बार आदिवासी वर्ग से बनाए गए पांच जिलाध्यक्ष

# नरेश मरावी बने जिला कांग्रेस अध्यक्ष



सिवनी नवभारत। लंबी प्रतीक्षा के बाद अंततः अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्य प्रदेश में सभी जिलों और बड़े जिलों में संगठन के नगर अध्यक्षों के नाम की सूची जारी कर दी गई है। घोषित सूची में महाकौशल क्षेत्र के प्रमुख राजनैतिक केंद्र सिवनी जिले में एक दशक के बाद अध्यक्ष पद में परिवर्तन करते हुए जिले और प्रदेश के दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह के स्नेहपात्र रहे ग्रामीण परिवेश के आदिवासी नेता नरेश मरावी को राजकुमार खुराना के स्थान पर जिले के संगठन की बागडोर सौंपी गई है। श्री मरावी स्व हरवंश सिंह के समय उनके प्रयासों के चलते सिवनी जैसी विशाल जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष का दायित्व निभा चुके हैं यद्यपि उसके बाद वे लगातार दो बार वर्तमान बरघाट विधायक कमल मर्सकोले से जनपद सदस्य का चुनाव हार गए थे। मैट्रिक तक शिक्षा प्राप्त श्री मरावी कांग्रेस सेवादल के प्रदेश पदाधिकारी रहने के साथ ही वर्तमान में जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। नरेश मरावी मूल रूप से केवलारी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख राजनैतिक केंद्र कान्हीवाड़ा के निकट छोटे से ग्राम चुटका के निवासी हैं उनके पिता पेशे से शिक्षक थे। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी सूची का सूक्ष्म दृष्टिपात किया जाए तो साफ दिखाई देता है कि पहली बार पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रभाव वाले महाकौशल क्षेत्र में पांच जिलों के अध्यक्ष आदिवासी वर्ग से बनाए है जिनमें सिवनी सहित बालाघाट मंडला डिंडोरी और पांढुर्णा जिले शामिल हैं,जो पार्टी की अत्यंत सोची समझी रणनीति का अंग माना जा सकता है यह अलग बात है कि अब ये नेता पार्टी की उस रणनीति में कितने उपयोगी सिद्ध हो पाते हैं। सिवनी जिले में ज्ञात इतिहास में पहली बार किसी आदिवासी को यह दायित्व मिला है जिससे समाज में हर्ष व्याप्त होना स्वाभाविक है किन्तु यक्ष प्रश्न यह है कि शहर की राजनीति के साथ गुटबाजी की आदी हो चुकी कांग्रेस पार्टी के लोग ग्रामीण क्षेत्र के किसी आदिवासी नेता का नेतृत्व किस सीमा तक स्वीकार कर पाते हैं?

## अवीरा सिंह ठाकुर को स्वतंत्रता दिवस पर किया गया सम्मानित



**सिवनी नवभारत।** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में, सिवनी की पावन धरती ने एक ऐसा दृश्य देखा जिसने सभी के हृदय को भक्ति, गर्व और असीम प्रेरणा से भर दिया। जिला प्रशासन द्वारा स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में बालिका अवीरा सिंह ठाकुर को उनके सेवा,खेल प्रतिभा,अद्भुत देशभक्ति और अनुपम त्याग के लिए सिवनी कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर के बारापत्थर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय शिवनी की पैरालीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी-जितेंद्र सिंह की सुपुत्री एवं सेंट फ्रांसिस स्कूल कक्षा दूसरी की आठ वर्षीय अवीरा सिंह दिव्य बालिका को जब मंच पर बुलाया गया तो तालियों की गड़गड़ाहट ने आसमान छू लिया। अवीरा का यह कार्य सिर्फ धन का दान नहीं, बल्कि यह एक गहरी आस्था का प्रतीक था। जिसने यह प्रमाणित किया कि भक्ति, त्याग और देश के प्रति प्रेम के लिए उम्र नहीं, बल्कि हृदय की पवित्रता मायने रखती है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपनी पाई-पाई जोड़ी बचत राशि भेंट करने के कारण देश भर में अवीरा चर्चा का विषय बन गई थीं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के कई प्रमुख राजनेता और अभिनेता शामिल हुए थे। सिवनी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह में सिर्फ अवीरा का सम्मान नहीं, बल्कि यह उन सभी माता-पिता का सम्मान था जिन्होंने अपनी संतानों को ऐसे उच्च आदर्शों के साथ पाला है। यह सिवनी जिले के लिए गौरव का क्षण है कि उनकी मिट्टी ने एक ऐसी बेटी को जन्म दिया जिसने अपने छोटे से कदम से देश के दिल में अपनी जगह बना ली।

# बरघाट मंडल में निकली विशाल तिरंगा यात्रा



**बरघाट नवभारत।** 14 अगस्त जिन गुरुवार को दोपहर 3-00 बजे से बरघाट मंडल में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट से प्रारंभ होते हुए शहीद बिंदु कुमरे स्मारक पर पहुंची। इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक कमल मर्सकोले एवं युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा संगठन के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस तिरंगा यात्रा में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आभा जितेंद्र रंहागडाले, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ईमरता साहू ,उपाध्यक्ष ममता अनिल पाठक, श्रीमती गोमती ठाकुर, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर श्याम सिंह कुमरे, श्रीमती मधुबाला जायसवाल, श्रीमती भारती रजक, श्रीमती मीना उईके, श्रीमती नेहा बोपचे, वरिष्ठ भाजपा नेता वेंकट राव बिसेन, अजय त्रिवेदी, तुमेंश बोपचे ,ज्ञान सिंह चौधरी,पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला संयोजक प्रीत पाल सिंह बघेल,पूर्व मंडल अध्यक्षगण राधेश्याम मिश्रा,राजेंद्र सिंह ठाकुर, विवेक बिसेन, गौरव बिसेन, मंडल अध्यक्ष हेमंत रंहागडाले, पूर्व सांसद प्रतिनिधिअनिल पाठक,सांसद प्रतिनिधि अतीत बिसेन, सांसद प्रतिनिधि विकास जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुल रंहागडाले सहित बरघाट विधानसभा क्षेत्र के सभी देशप्रेमी बंधु एवं नगरवासियों, बरघाट विधानसभा टोली सदस्यों, मंडल पदाधिकारी गण,मंडल संयोजक, सहसंयोजक, एवं कार्यकर्ताओं, व्यापारी संगठन ने भारत माता के सम्मान में इस गौरवमयी विशाल तिरंगा यात्रा में अपनी उपस्थिति व सहभागिता प्रदान करी।

**आयोजन** झाबुआ पावर लिमिटेड अपनी कार्यशैली व बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में विद्युत आवश्यकता को पूरा करने में दे रहा योगदान

# एनटीपीसी झाबुआ पावर लिमिटेड बरेला में उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस





**घंसौर नवभारत।** सिवनी जिले के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र घंसौर में एनटीपीसी झाबुआ पावर लिमिटेड बरेला के संयंत्र परिसर में 79वां स्वाधीनता दिवस महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर झाबुआ पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री चंद्राशीश घोष दोस्तीदार, कारखाना प्रबंधक श्री लीलाधर पाण्डेय, महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री विभाग श्री पि. सुब्बाराजु, श्री अशोक सिह यादव, श्री घनश्याम रायसेन तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा आसपास के स्कूलों के बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ चंद्राशीश घोष दोस्तीदार द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया तथा इस अवसर पर उन्होने अपने उदगार में उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी। अपने संबोधन में उन्होने देश की आर्थिक स्वतत्रता तथा राष्ट्र को स्व-निर्भर बनाने के लिये उपस्थित सभी लोगों का आवाहन किया। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह जिस भी कार्य में समायोजित है अपने कार्य की जिम्मेदारी को ईमानदारी से निर्वहन करें तथा बदलते हुये परिवेश में अपने कार्य क्षेत्र में बने रहने के लिये समय के अनुरूप अपने ज्ञान तथा रिक्ल में बदलाव लाये। उन्होनें झाबुआ पावर लिमिटेड के विगत सालों के बिजली उत्पादन में उत्तरोत्तर विकास की जानकारी दी तथा बताया कि किस प्रकार बदलते हुये परिवेश तथा सरकार की नीतियों के अनुरूप एन.टी.पी.सी. झाबुआ पावर लिमिटेड ने अपनी कार्यशैली तथा बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में बदलाव कर मध्यप्रदेश तथा राष्ट्र की विद्युत आवश्यकता को पूरा करने में अपना योगदान दे रहा है। झाबुआ पावर लिमिटेड बिजली उत्पादकता में निरंतरता बनाए रखते हुए नई उचाईयों की ओर अग्रसर है। जहाँ सुरक्षित कार्य करते हुए सुरक्षा का एक नया आयाम जोडा हैं और साथ ही सुरक्षित कार्य के 25.09 मिलियन घंटे की उपलब्धी प्राप्त की हैं। इसके अतिरिक्त कोयले की निरंतर सुनिश्चित मात्रा में आवक व फ्लाई ऐश का प्रबंधन सुदृढ हुआ हैं। बिजली प्रदाय व विकय में जेपीएल की टीम ने प्रभावी कार्य किया हैं। श्री चंद्राशीश घोष दोस्तीदार ने अपने अभिभाषण में कम्पनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कम्पनी द्वारा हमारे क्षेत्र में समुदाय के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए कम्पनी सक्रीयता से कार्य कर रही हैं। इसमे किसानों तथा महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाने पर जोर दिया है। कम्पनी द्वारा प्राथमिक शिक्षा व प्राथमिक स्वास्थ्य के अंतर्गत आसपास के विभिन्न गाँव में कार्य किए जा रहे कार्य का ब्यौरा दिया। जिला प्रशासन के अनुरोध पर प्लांट प्रबंधन द्वारा कुर्मीठेल से भदुआ टोला तक बहुप्रतीक्षित सडक का निर्माण कराया गया हैं जो उस गाँव को मेहता पहुँच मार्ग से जोडता है,आदिवासी बाहुल्य ग्राम बगदरी में शासकीय सेकेंडरी स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्षा का निर्माण कराकर ग्राम पंचायत बगदरी को हस्तांतरित किया गया जिससे बच्चों के पठन-पाठन में कार्य में आमूल परिवर्तन देखने को मिला हैं,जिला प्रशासन के द्वारा प्राथमिक शालाओं में पढने वालो बच्चों के लिए चलाए जा रहे अभियान गिफ्ट ए डेस्क में भी पावर प्लांट ने अपनी सहभागिता दिखाई है जिसके अंतर्गत क्षेत्र के 34 स्कूलो में 678 डेस्क प्रदान किया हैं जिससे प्राथमिक शिक्षा में एक बदलाव आएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री चंद्राशीश घोष दोस्तीदार द्वारा अधिकारियों तथा आसपास के गाँव के मेधावी छात्र-छात्राओं को बार्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरूस्कृत किया तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की। दसवी बोर्ड एवं बारहवी में पुरूस्कृत छात्र-छात्राओं के नाम आदित्य एम. निकोसे पिता श्री मनीष निकोसे द्वारा 86.50 प्रतिशत, पीयुष कुमार साह पिता श्री प्रेमचंद साह 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार शासकीय स्कूल गोरखपुर के बोर्ड कक्षा दसवी में पुरूस्कृत छात्र-छात्राओं के नाम रक्षा पटेल 93.40 प्रतिशत, नीलू उइके 87.80 प्रतिशत तथा नितिन नेमा 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं बोर्ड कक्षा बारहवीं में पुरूस्कृत छात्र-छात्राओं के नाम कुलदीप चौकसे 82.80 प्रतिशत, सत्यम नेमा 76.60 प्रतिशत तथा रूकमणी पटेल 76.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर झाबुआ पावर लिमिटेड के सुरक्षा तथा अग्निशमन दल द्वारा मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस पूरे कार्यकम को सफल बनाने में मानव संसाधन विभाग के श्री मुकुन्द कुमार सिंह तथा श्री अमित गौतम का विशेष योगदान रहा। एक अन्य समारोह में झाबुआ पावर लिमिटेड के परिसर में स्थापित रेनबो महिला क्लब द्वारा संचालित प्ले स्कूल बचपन में भी राष्ट्रीय ध्वजारोहण क्लब की प्रेसीडेन्ट द्वारा किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस मंच से क्षेत्रीय लोगों को आश्वस्त किया है कि प्रबंधन इस तरह के सामाजिक विकास के कार्यों को आने वाले विगत वर्षों में भी बडे पैमाने पर करता रहेगा जिससे आसपास के ग्रामीण लाभान्वित हो और उनके जीवन स्तर में भी बदलाव आए।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद लखनादौन
श्रीमती मीना बलराम गोल्हानी अध्यक्ष
श्रीमती विजुषा प्रदीप राजपूत उपाध्यक्ष
सुश्री गीता वाल्मीकि मुख्यनगर पालिका अधिकारी
एवं समस्त पार्षद गण नगर परिषद लखनादौन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री प्रदीप धुर्वे (पेसा एक्ट ग्राम सभा अध्यक्ष घंसौर)
श्री शक्ति सिंह सिसोदिया
पेसा एक्ट ग्राम सभा निधि सदस्य, ममता बृजेश वंशकार पेसा एक्ट ग्राम सभा निधि सदस्य
सौजन्य- शांति एवं विवाद निवारण समिति घंसौर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
MICT ACADEMY OF COMPUTER
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से संबद्ध
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था
ADMISSION OPEN
Course DCA | PGDCA | BCA
A Place to Fulfill YOUR INTELLECTUAL AMBITION
संचालक अजय मिश्रा
Mo.9424787754, 8770734522
पता- वार्ड नं 06 लखनादौन

पैसा ठीक होने के बाद
जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है
सिवनी में मिलें हर मंगलवार व बुधवार प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी
बालाघाट में मिलें हर शनिवार व रविवार गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट
9243880464,7879453857

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्योति मेडिकल
अंग्रेजी एवं देशी दवाई यां उचित एवं डिस्काउंट रेट में उपलब्ध है
प्रा.प्रो. देवी सिंह पटेल
नोट - हमारे यहां जबलपुर एवं नागपुर की दवाईयां मिलती हैं
पता वार्ड नं 8 सब्जी मंडी लखनादौन जिला सिवनी मो.9425827242

श्री श्याम आयुर्वेदिक
गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें
शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है
पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने, शुक्रवारी सिवनी मो.न 8989145127